पत्रांकः— 14/ए0एफ0—23/2019

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग,

प्रेषक,

अरशद फिरोज,
सरकार के उप संचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
बी0आर0ए0 बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक......./......./2021

विषयः— ओरख ठाकुर मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय, मोतीपुर, साँढ़ा, मुजफ्फरपुर को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायो में स्नातक पास एवं प्रतिष्ठा स्तरो में सत्र 2021—24 एवं 2022—25 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके विश्वविद्यालय के पत्रांक—B/740 दिनांक 25.07.2020 तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा C.W.J.C No-8073/2020 में दिनांक—24.08.2021 को पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा—21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय से निर्गत परिनियम संख्या—1098 दिनांक 19.04.1986, पत्रांक 3196 दिनांक—14.12.2017 एवं पत्रांक—3074 दिनांक—25.10.2019 में निहित प्रावधानों के तहत राज्य सरकार ने ओरख ठाकुर मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय, मोतीपुर, साँढ़ा, मुजफ्फरपुर को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में पास एवं प्रतिष्ठा स्तरो में सत्र 2021—24 एवं 2022—25 के लिए प्रस्तावित विषयों में अस्थायी संबंधन के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की है।

क्र० सं०	संकाय	विषय
01	कला संकायः (पास एवं प्रतिष्ठा)	हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, ऊर्दू, मैथिली, इतिहास, भोजपुरी, राजनीति विज्ञान, गृह विज्ञान, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, भूगोल, संगीत तथा प्राकृत एवं जैनोलॉजी (कुल 17 विषय)
02	विज्ञान संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा)	भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, जन्तु विज्ञान, गणित एवं इलेक्ट्रॉनिक्स (कुल 06 विषय)
03	वाणिज्य संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा)	एकाउन्टेन्सी, बिजनेस फाइनांस बिजनेस इनवॉरमेन्ट एवं कॉरपोरेट एडमिनिस्ट्रेशन (कुल 04 विषय)

निदेश दिया जाता है कि भविष्य में अगर महाविद्यालय परिनियमानुसार संबंधन के सभी मानकों/शर्त्तो को पूरा करता है तो परिनियम में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत स्थायी संबंधन से संबंधित अनुशंसा उपलब्ध करायी जाय।

आगामी अनुशंसा के पूर्व इस संबंध में मापदंड पूर्ण करने का निदेश संस्था को दें। साथ हीं, परिनियम में अंकित शर्त्तो/मानकों के पूरा नहीं किये जाने एवं अस्थायी संबंधन के अनुशंसा की स्थिति में इसके औचित्य पर प्रकाश डालें।

सक्षम प्राधिकार का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह0/—
(अरशद फिरोज)
सरकार के उप संचिव।

ज्ञापांकः—14/ए0एफ0—23/2019 —1294

पटना, दिनांक 05/11/2021

प्रतिलिपिः—माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग के प्रधान आप्त सचिव/उप सचिव, शिक्षा विभाग/निदेशक, (उच्च शिक्षा) शिक्षा विभाग/सचिव, ओरख ठाकुर मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय, मोतीपुर, साँढ़ा, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्याथ प्रेषित।

AFfilation letter 2021

(2) आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को निदेशित किया जाता है कि विभागीय वेबसाईट पर इसे अपलोड किया जाय।

सरकार के उप संचिव।

AFfilation letter 2021